तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025

14 शिक्षकों की कमी को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

13 100 यूनिट बिजली खपत पर 50 प्रतिशत की मिलेगी...




## खबर संक्षेप

### कलेक्टर मानदेय के लिए स्वच्छता कर्मी आंदोलन पर



**बालोद।** कलेक्टर मानदेय राशि सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के 8 नगरीय निकाय के स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा रायपुर मे आयोजित पांच दिवसीय हड़ताल में जिले के स्वास्थ कर्मचारियो ने भी उपस्थिति दर्ज करा विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताल 8 अगस्त तक जारी रहेगा। निकाय क्षेत्र में घर–घर दस्तक देकर कचरा कलेक्शन करने के लिए अधिकृत स्वसहायता समूह के कर्मचारियों की हड़ताल से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन प्रभावित हो रहा है।

### इशिता का राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में चयन



**बालोद।** राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी से बालिका खिलाड़ी इशिता टंडन का चयन हुआ है। चयनीत खिलाड़ी 7 से 14 अगस्त तक ग्रेटर नोयडा में होने वाले सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगी। एकेडमी के अध्यक्ष किशोर नाथ योगी एक्स आर्मी ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में इशिता ने गोल्ड मेडल हासिल किया, साथ ही सिलेक्शन कमेटी ने इसके खेल प्रतिभा को देखते हुए उसे टीम का हिस्सा बनाया। इशिता बालोद की पहली बालिका बॉक्सर है जो अपने वर्ग में राज्य और जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष नंद किशोर साहू, एकेडमी के उपाध्यक्ष मनीष ठाकुर, पूर्व बॉक्सर एक्स आमएँ केपी तिवारी में इशिता के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

### 50 प्रतिशत के अनुदान पर मत्स्य बीज वितरण का कार्य प्रारंभ

**बालोद।** मत्स्य पालन प्रसार योजना के तहत तालाबों में फिंगरलिंग संचयन योजना अन्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज वितरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि फिंगरलिंग संचयन योजना अंतर्गत प्रति इकाई लागत राशि 4000 रूपये है, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान राशि 2000 रुपये एवं राशि 2000 रूपये कृषक अंशदान सम्मिलित है। उक्त योजना अन्तर्गत क्षेत्रीय अधिकारी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर बालोद विकासखण्ड के शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र सिवनी, शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र नक्टा एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सहगांव तथा शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र भिरई विकासखण्ड गुरूर से मत्स्य बीज फिंगरलिंग प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के पंजीकृत सहकारी निजी मत्स्य पालक, पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियां, मछुआ समूह, व्यक्तिगत हितग्राहियों जिनको नियमानुसार 10 वर्षीय लीज पर तालाब आबंटित हैं, वे समस्त हितग्राही इस योजना के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं का लाभ लेने हेतु मत्स्य पालकों का एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। उक्त पंजीयन प्रक्रिया सी.एस.सी. के माध्यम से किया जा सकता है। सीएससी से पंजीयन पर संचालकों को 20 रुपए एवं हितग्राहियों को 80 रुपये मिलने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि पंजीयन हेतु आधार नंबर, आधार लिंक मोबाईल नंबर एवं बैंक खाते से आधार लिंक होना अनिवार्य है।

# ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं के लिए बस स्टैंड पर किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम सिकोसा के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा ग्राम के विभिन्न मूलभूत आवश्यकताओं को तत्काल पूर्ण करने की मांग करते हुए बस स्टैंड सिकोसा में धरना प्रदर्शन किया गया।

जिसके समर्थन मे गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद धरना स्थल पर पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे को सौंपा गया। विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववतएँ कांग्रेस सरकार के द्वारा सिकोसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन एवं सेटअप, फशएँ खदान में लिफ्ट इरीगेशन, मनहोरा में स्टॉप डेम निर्माण की स्वी—ति प्रदान की थी, जिसका आज तक कार्य प्रारंभ नही हो पाया है, जिससे आमजनता को उक्त सुविधाओं का लाभ नही मिल पा रहा है, सोसायटियों में किसानों को आवश्यक रासायनिक खाद डीएपी, यूरिया नही मिल रहा है, सरकार द्वारा बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है, बिजली बिल हाफ योजना भी बंद कर दी गई है, लेकिन आमजनता अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त है, मौके पर उपस्थित बीएमओ मारकंडे, एई महेश्वरी को सिकोसा की समस्याओं को गंभीरता से लेने का दिशा निर्देश भी दिया गया।



### ये रहे मौजूद

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू, अर्जुन्दा के अध्यक्ष संतुराम पटेल, डॉ नारायण साहू, संजय बारले, जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, सरपंच प्रीतम ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रूपचंद जैन, डोमन देशमुख, सागर साहू, कुलेश्वर तिवारी, जीवन बंदे, अभिषेक यादव, नरेंद्र साहू, हेमंत पटेल, चद्रिरका चंद्राकर, व्यंकटेश्वर राव, सुखीत लहरे, दीपक देशमुख, भानुप्रताप सिन्हा, हेमंत चंद्राकर, ओमप्रकाश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्रवाई :** अधिकारियों ने नागरिकों से की यातायात नियमों के पालन की अपील

# सड़क सुरक्षा पर सख्त हुआ प्रशासन बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशो के बाद भी स्थिति मे सुधार न आते देख प्रशासन ने अब कड़ा रूख अपना लिया है कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम सुनिश्चित कर सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिले के प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद होकर इस कार्य का स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आरंभ मे सब को समझाईस दी जा रही है इसके बाद भी लोगो ने लापरवाही बरती तो लापरवाह लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही हो सकती है।

कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार आज एसडीएम एवं पुलिस अधिकारी अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोल पंपों में पहुँचकर दुपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते वक्त अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने की समझाईश दी जा रही है। इसके अलावा पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट पहने पेट्रोल पंप में पेट्रोल एवं डीजल खरीदी हेतु आने वाले दुपहिया वाहन चालकों को किसी भी हालत में पेट्रोल नही देने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



### अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों पर की गई कार्रवाई

इस दौरान अधिकारियों के द्वारा सड़क के किनारे अनाधिाकृत रूप से खड़ी वाहनों पर जुर्माना की कार्रवाई कर उन्हें भविष्य में सड़क के किनारे वाहन खड़ी नही करने की समझाईश भी दी गई। इसके साथ ही आज सड़कों में विचरण करने वाले घुमंतू मवेशियों की धर–पकड़ की कार्रवाई भी की गई। पकड़े गए इन मवेशियों को गोठान में रखकर पशु मालिकों से अर्थदण्ड की वसूली की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि कलेक्टर मिश्रा के द्वारा इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बरतने तथा लापरवाही बरतने वालों की विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।





### फ्यूल स्टेशनों का एसडीएम व पुलिस ने लिया जायजा

इसी कड़ी में आज एसडीएम गुरूर आरके सोनकर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तथा अन्य अधिकारियों के द्वारा विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर स्थित अर्जुन फिलिंग प्वाईंट गुरूर, विनायक फ्यूल्स बोहारडीह, कुशाल फ्यूल्स बोहारडीह, नानकानी फ्यूल्स पुरूर एवं निर्मल फ्यूल्स चिटौद का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सड़क दुर्घटना के कारण पीड़ित व्यक्ति एवं उनके परिवार को होने वाली क्षति के संबंध में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि मनुष्य का जीवन अनमोल एवं बेशकीमती है। इसलिए छोटी सी लापरवाही से अपने इस बेशकीमती जीवन का क्षति नही होने देना चाहिए। इस अवसर पर अधिकारियों ने दुपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते वक्त अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने एवं नियंत्रित गति में वाहन चलाने के अलावा यातायात नियमों का भी अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाईश दी गई। इसके अलावा आज दल्लीराजहरा शहर में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, एसडीएम सुरेश साहू एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सड़क दुर्घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को सुगमता एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नगर के प्रमुख मार्गों एवं चौक–चौराहों का जायजा लिया गया। इस दौरान एसडीएम के निर्देश पर सड़क के किनारे अपने दुकानो को आगे बढ़ाकर दुकान लगाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की गई। इन दुकानदारों को केवल अपने दुकान के अंदर एवं निर्धारित स्थान पर ही समान रखने की समझाईश दी गई।

# 12 संरक्षित पक्षी और गिलहरी के साथ 3 शिकारी दबोचे गए



हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/ डौंडी।

डौंडी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ठोरीठेमा वन परिसर के कक्ष क्रमांक आरएफ-122 में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शिकार में लिप्त 3 शिकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 5 पनडुब्बा पक्षी, 03 हरियल पक्षी , 01 बाज, 02 जंगल गिलहरी, 01 लावा पक्षी बरामद किए गए हैं। ये सभी संरक्षित वन्यजीवों की श्रेणी में आते हैं।

- ठोरीठेमा वन परिसर के आरएफ-122 में वन विभाग की टीम ने की कार्यवाई

गिरफ्तार आरोपियों में हैलमल ग्राम मथेना निवासी विजय कुमार ग्राम मथेना निवासी ईशांत कुमार शामिल हैं। वन विभाग ने इनके विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और विधिवत कार्रवाई जारी है। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। आरोपियों के पास से एक एयर गन टेलीस्कोपिक और एक एयर गन 22 बोर भी जब्त की गई है।

### दो दिन पहले भी पकड़े गए थे शिकारी

इससे पहले दो दिन पूर्व डौंडी के ही जंगल क्षेत्र से दो अन्य शिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया था, जिनके पास से कई वन्य जीवों के अवशेष और शिकार में उपयोग किए जाने वाले औजार बरामद हुए थे। लगातार हो रही कार्रवाइयों से वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग की सक्रियता स्पष्ट नजर आ रही है। संवेदनशील वन क्षेत्र में हो रहे अवैध शिकार की यह घटनाएं वन्यजीव संरक्षण पर गंभीर खतरा हैं। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की शिकार गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें ताकि समय पर सख्त कदम उठाया जा सके। जिला वनमंडाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि वन्यजीवों की सुरक्षा और अवैध शिकार की रोकथाम के लिए विशेष गश्त और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शिकारियों पर प्रभावी कार्रवाई संभव हो रही है।

# वैश्विक विधायी सम्मेलन में छग के विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

संयुक्त राज्य अमेरिका के बॉस्टन शहर में 4 से 6 अगस्त तक आयोजित वैश्विक विधायी सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों से विधायक हिस्सा ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ से नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री व विधायक अनिला भेड़िया और विधायक संदीप साहू इस सम्मेलन में शामिल हुए हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेटिव्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के 24 राज्यों के 21 राजनीतिक दलों से जुड़े 130 विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की भागीदारी हो रही है।



सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक सुशासन, विधायी सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाना है। प्रतिनिधियों ने सम्मेलन के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल डेमोक्रेसी, साइबर सुरक्षा, वोटर कॉन्फिडेंस और नीतिगत नवाचार जैसे अहम विषयों पर विचार साझा किए। साथ ही अमेरिकी विधायी प्रणाली और प्रवासी भारतीय नेताओं के अनुभवों को भी जाना।

कार्यक्रम के तहत प्रतिनिधियों ने हावर्ड यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण किया, टीडी गार्डन में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए और न्यूटन स्थित बेस कैंप में उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन का पंजीयन बॉस्टन कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर में किया गया, जिसके बाद प्रतिनिधियों ने मसकट के स्टेट हाउस का भ्रमण किया। विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने इस पूरी जानकारी की पुष्टि की।

# पुलिस ने 2142 वाहन चालकों पर की 9.65 लाख की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से माह जुलाई में यातायात नियमों का पालन करवाने विशेष जिला पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान माह जुलाई में यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले 2142 वाहन चालकों पर 09,65,200 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। विशेष तौर पर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 24 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाइ कर 2,17,000 रुपए, दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट चलने वाले 204 वाहन चालकों से 1,02,600 रुपए एवं चार पहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले 105 वाहन चालकों पर 53 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जुलाई में 10 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन किया गया है।

- इस कार्रवाई में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 24 और बगैर हेलमेट के 204 चालक शामिल



शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 24 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन के लिए संबंधित परिवहन विभाग को पत्र भेजकर 6 माह के लिए वाहन चालकों का लायेंसस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है। बालोद शहर में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वाले 2 बुलेट वाहन चालकों के विरूद्व भी कार्रवाई कर 10 हजार का जुर्माना वसूल किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील की जा रही है कि शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले, हमेशा यातायात नियमों का पालन करे। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करें, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

**सरकार को 15 तक दिया समय, 18 से अनिश्चितकालीन हड़ताल**

# 11 सूत्रीय मांगों पर एनएचएम कर्मचारी संघ करेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की प्रांत स्तरीय बैठक राजधानी रायपुर मे सम्पन्न हुई। जिसमे जिले के कर्मचारी भी सम्मिलित हुए। बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी, डॉ रविशंकर दीक्षित, पूरन दास, प्रफुल्ल कुमार ने जानकारी दी कि 15 अगस्त तक सरकार की ओर से मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो 18 अगस्त से प्रदेशभर के 16,000 एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। इस बार संघ ने आपातकालीन सेवाओं को भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया, संबंध में संघ द्वारा शासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई है। संघ ने मांग की है कि संविलियन, स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, रोड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भतएँ में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुबिधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख कैसलेश चिकित्सा बीमा प्रदान किया जाए।



संघ ने कहा एनएचएम कर्मचारी विगत 20 वर्षों से प्रदेश के सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख शासकीय संस्थानों में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बने हुए है।

कोविड–19 महामारी जैसे संकट में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इसके बावजूद, आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं से बंचित रखा गया है, जबकि अन्य राज्यों में इसी मिशन के कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त है। संघ के प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि मौजूदा सरकार के कई वरिष्ठ नेता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी. चौधरी व विजय शर्मा, केदार कश्यप सहित अन्य नेताओ ने पूर्व में एनएचएम कर्मचारियों के मंचों पर आकर समर्थन देते रहे हैं। छत्तीसगढ़ में चुनाव घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में नियमितीकरण का वादा भी किया गया था।

बावजूद इसके, पिछले डेढ़ सालों में 155 से अधिक ज्ञापन व आवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से कोई समाधान नहीं निकल पाया। संघ ने कहा अब कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य हैं। सरकार से आग्रह है कि वह तत्काल संवाद स्थापित करे, जायज मांगों पर निर्णय ले, अन्यथा छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बेपटरी हो सकती हैं।

# क्षेत्र के स्कूलों में आज तक नहीं बटी सरस्वती योजना की साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

सरस्वती सायकल योजना का लाभ दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड की छात्राओं को अब तक नहीं मिल सका है। स्कूल खुलने के दो महीने बीत जाने के बाद भी हज़ार से अधिक छात्राएं आज तक सायकिल से वंचित हैं। ग्रामीण इलाकों की छात्राएं आज भी 4 से 6 किलोमीटर तक पैदल चलकर स्कूल पहुंचने मजबूर हैं, और कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कई छात्राओं ने बताया कि कई बार प्रधानपाठक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यालय तक गुहार लगाई, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने कहा कि शीघ्र ही सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पात्रता रखने वाले छात्राओं को साइकिल का वितरण किया जाना है शासन स्तर से सायकिल पहुंचने वाली है।

## खबर संक्षेप



### शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

**भिलाई।** रिसाली सेक्टर के एकता मंच में छत्तीसगढ मातृशक्ति संगठन द्वारा स्व. शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। संगठन ने कहा शिबू सोरेन झारखंड की धरती के महान जननायक हुए... झारखंड की धरती व लोगों की सुरक्षा, जमीन व अधिकारों की सुरक्षा करना सोरेन की पहली प्राथमिकता थी, उनके त्याग समर्पण व नेतृत्व को झारखंड के लोगो ने दिशोम गूरु की उपाधि दी। उन्हें 'संथाल नवयुवक संघ' और झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की जिसका उद्देश्य झारखंड की जमीनों की सुरक्षा करना था। श्रद्धांजलि सभा में राजेन्द्र परगनिया ,पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, विनय नेताम, अश्लेष मरावी, चन्द्रकला तारम, कीर्ति ठाकुर, निर्मला चतुर्वेदी, ममता वर्मा, अन्नू जांगड़े आदि उपस्थित हुए।

### याद ए रफी का आयोजन

**दुर्ग।** तकियापारा, मुस्लिम सराय में याद ए रफी का आयोजन किया गया। द वाइस आफ दुर्ग सिटी, रफी फाउंडेशन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के गायकों संजय लारोकर, आईएम खान, प्रकाश सोनी, अलीम कुरैशी, रमेश पांडे, गौरव ठाकुर, राजेश शर्मा, आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। श्रोताओं व गायकों ने देर रात तक संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम में रत्ना नारमदेव, गुरमीत धनई, अबरार पवार, संजय दुबे, संजय घाटे, अजय प्रीति बेहरा, हाजी मिर्जा साजिद, मतीन भाई, आनंद सिंह, मुश्ताक, युसुफ शरीफ आदि मौजूद थे। रफी फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय लारोकर ने आभार प्रकट किया।

### बीएससी नर्सिंग परीक्षा में कोमल अव्वल

**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार निवासी



कोमल दहिया पिता संजय दहिया ने छत्तीसगढ़ व्यापम बीएससी नर्सिंग की परीक्षा में 99.99 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में अपना नाम रोशन किया। कोमल शुरू से ही पढ़ाई लिखाई में मेधावी छात्रा रही है। प्रदेश में अव्वल आने पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## निरीक्षण : टीबी मरीजों की गलत जानकारी देने पर अधिकारी को नोटिस

# कलेक्टर ने हेल्थ सेंटर का किया निरीक्षण स्वास्थ्य कर्मियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्रवास के दौरान हेल्थ एवं वेलनेश सेंटर चिल्हाटीकला का निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खिलेश्वरी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्हाटीकला के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या की सही जानकारी नही दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, महिला के निवास स्थल में अस्पताल के समान अव्यवस्थित पाए जाने तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक वृंदा मण्डावी के मुख्यालय में निवास नही करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन करने के साथ-साथ कुल स्टाफ तथा अस्पताल में प्रतिदिन इलाज हेतु आने वाले मरीजों के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्हाटीकला के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या में जानकारी लेते हुए उनके उपचार हेतु की गई व्यवस्था तथा उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान करने हेतु फूड बास्केट वितरण की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों से टीबी के मरीजों को फूड बास्केट आदि उपलब्ध कराकर टीबी उन्मूलन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की भी अपील की। उन्होंने अस्पताल के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास सुनिश्चित कर अस्पताल में आने वाले मरीजों का समुचित इलाज करने के अलावा उन्हें दवाइयां आदि जरूरी सुविधा प्रदान करने के निर्देश भी दिए।इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अस्पताल परिसर में ग्राम चिल्हाटी के गन्ना उत्पादक कृषकों से गन्ना के क्षेत्र विस्तार के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा भी की। कलेक्टर मिश्रा ने धान की तुलना में गन्ना फसल के उत्पादन से किसानों को होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी ली। मिश्रा ने गन्ना उत्पादक कृषकों को जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद उलपब्ध कराने तथा उनके मांगों के संबंध में शासन स्तर पर जानकारी पहुँचाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने कहा कि गन्ना की खेती में धान की तुलना में कम पानी की खपत होने के अलावा इसमें लागत भी कम आता है। कलेक्टर ने किसानों को गन्ना उत्पादन के लिए समुचित मात्र में खाद, बीज एवं दवाइयां उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा उन्होंने गन्ने की कटाई हेतु गांव में हार्वेस्टर तथा उनके फसल को शक्कर कारखाना करकाभाट तक पहुँचाने हेतु परिवहन की भी व्यवस्था कराने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने भी किसानों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिए।

- गन्ने की खेती के लिए किसानों को किया प्रोत्साहित






# कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों ने की रोजगार सहायक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज:लाटाबोड़

ग्राम पंचायत पसौद के ग्रामीणों ने रोजगार सहायक रोमन लाल यादव के खिलाफ कलेक्टर जनदर्शन में एक शिकायत पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने यादव पर कई आरोप लगाए हैं, जिसमें फर्जीवाड़ा, भेदभाव और अवैध कार्यों में संलिप्तता शामिल है।

शिकायत के अनुसार ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सहायक की नियुक्ति प्रक्रिया में धांधली हुई थी। यादव का विकलांगता प्रमाणपत्र 40 प्रतिशत का था, जबकि एक अन्य उम्मीदवार के पास 50 प्रतिशत का प्रमाणपत्र था, इसके बावजूद यादव को नियुक्त किया गया। ग्रामीणों का दावा है कि सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी से पता चला है कि यादव का विकलांगता प्रमाणपत्र फर्जी था। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि यादव केवल अपने जान-पहचान वालों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ देते हैं, जबकि जरूरतमंद और पात्र लोगों को वंचित रखा जाता है। यादव पर पंचायत की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से एक कमरा बनाने का भी आरोप है। ग्रामीणों ने



बताया कि पीडब्ल्यूडी की योजना के तहत बन रही नाली को यादव ने अपने घर के सामने आड़ा-तिरछा बनवा दिया, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्र लोगों को लाभ दिया गया है और कई पात्र लोगों को इससे वंचित रखा गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से रोजगार सहायक के खिलाफ निष्पक्ष जांच करने, उन्हें पद से हटाने और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान असवन कुमार साहू, देवसिंह साहू, रामकुमार साहू, करण गौतम, डॉ. भारत साहू, देवीलाल, संतोष कुमार साहू, युवराज पटेल, तारकेश ठाकुर, भवेन्द्र कुमार, महेंद्र कुमार साहू, संजय ठाकुर, महेंद्र निर्मलकर, टकेश्वर पटेल और कृष्णा साहू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# शहर में सजीं राखी की दुकानें, गुलजार हुआ बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, शहर में उल्लास और उमंग का माहौल देखा जा रहा है। दल्लीराजहरा शहर के न्यू मार्केट, शास्त्री बाजार, मेन रोड, पुराना बाजार, बस स्टैंड चौक समेत शहर के प्रमुख बाजारों में राखियों की रंग-बिरंगी दुकानें सज गई हैं। हर तरफ रक्षाबंधन की तैयारी जोरों पर है। दुकानदारों ने छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक के लिए विभिन्न डिजाइनों की राखियां सजाई हैं। कार्टून राखी, स्टोन राखी, ओम और स्वास्तिक वाली पारंपरिक राखियां, कुमकुम के साथ राखी सेट और यहां तक कि ईको-फ्रेंडली राखियां भी इस बार आकर्षण का केंद्र बनी हैं। बहनें अपने भाइयों के लिए विशेष और यादगार रक्षा सूत्र खरीदने में जुटी हुई हैं। इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 9.29 से रात्रि 9.45 बजे तक रहेगा। बहनें इस समय अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधेंगी और उनकी लंबी उम्र की कामना करेंगी, वहीं भाई उन्हें उपहार और वचन देकर जीवन भर सुरक्षा देने का संकल्प लेंगे।

# ओदरागहन से निकाली विशाल कावड़ यात्रा, भक्तों ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम ओदरागहन से शक्तिश्वर महादेव कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्र के संयोजक सभापति जनपद पंचायत पाटन रवि सिन्हा के नेतृत्व में विशाल कांवर यात्र खारुन नदी तट बसे ग्राम ओदरागहन शक्तिश्वर महादेव से कौही के लिए निकली।

इस यात्र में शिव भक्तों ने भाग लिया और पैदल चलकर कौही में भगवान शिव जी की जलाभिषेक में शामिल हुए व पूजा अर्चना किये भक्तों ने की पैदल यात्रा। शिव भक्तों ओदरागहन खारुन नदी शक्तिश्वर घाट से जल धारण कर पैदल चलकर कौही तक की यात्र की और भगवान शिव जी में जल अर्पण कर पूजा अर्चना की। जलाभिषेककौही पहुंचकर भगवान शिव जी का जलाभिषेक किया गया। कांवर यात्रा में शामिल सभापति जनपद पंचायत पाटन रवि सिन्हा, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति निपानी बेनीराम साहू, उपसरपंच दिलीप हिरवानी, श्रीकांत चंद्राकर, पूर्व सरपंच जिनेश जैन, ढालसिंह गंजीर, नारद साहू, तामेश साहू भरत निर्मलकर, धर्मेंद्र साहू, मानिक साहू, खिलेश साहू, ओंकार साहू, चेतन साहू, जागेंद्र सिन्हा, नरेंद्र हिरवानी, प्रेमलाल सिन्हा नेमन, खिलेंद्र, अमन, टिकेंद्र, होमन, परदेशी राम, लक्ष्मीनारायण, लक्ष्मण चौतराम, गजेंद्र, रामलाल, मिलाप, पुष्पा बाई, लोकेश्वरी, झामीन बाई दमयंतीन लीना, मुनिया, गायत्री शामिल हुए। यह कांवर यात्रा भगवान शिव जी की भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है, जिसमें ग्राम ओदरागहन और आसपास के ग्राम के शिव भक्तों ने भाग लिया।









# 10 हजार बहनों ने विधायक सेन को बांधी राखी, दिए गए उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के लोकांगन परिसर में मंगलवार की शाम राखी महोत्सव की जमकर धूम रही। हजारों बहनों ने जहां अपने विधायक रिकेश को राखी बांधी।

वहीं उनके साथ काफी देर तक म्यूजिक की धुन पर डांस भी किया। शाम 5 बजे से रक्षाबंधन का यह महोत्सव रात्रि 9 बजे तक चलता रहा। विधायक सेन ने इस दौरान महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक संबलता के लिए चल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी दी बल्कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में बालिकाओं को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। उन्होंने बहनों के स्व रोजगार के लिए हमेशा की तरह हर संभव सहायता का भी संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में वैशाली नगर विधानसभा के विकास को लेकर दिन-रात चिंता करते हुए मैंने कांग्रेस सरकार में पिछले 5 वर्षों से उपेक्षित वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र को हर मामले में आगे ले जाने का प्रयास किया है। कई कार्य हम सभी को दिखाई देने लगे हैं और बहुत से अभी होने हैं, आने वाले एक दो वर्षों के भीतर जब अधिकांश कार्य मूर्त रूप ले चुके होंगे तो हम छत्तीसगढ़ की सबसे उत्तम और विकसित विधानसभा के रूप में वैशाली नगर को देखेंगे। यहां की जनता ने जिस प्रेम और विश्वास से मुझे हमेशा आगे बढ़ाया है उतनी ही शिद्दत से मैं लगातार कार्य करता रहूंगा। लगभग 30 वर्षों की राजनीति में मैं जनप्रतिनिधि के रूप में जिस भी जिम्मेदारी में रहा सदैव मैंने अपने क्षेत्र के लोगों को परिवार मान कर अपनत्व भाव से कार्य किया है। हर वर्ष हजारों बहनें मुझे राखी बांधती रही हैं। रक्षा बंधन का अर्थ है सुरक्षा का बंधन या सुरक्षा का धागा। यह एक ऐसा त्योहार है जो भाई-बहन के बीच प्रेम और सुरक्षा के रिश्ते का प्रतीक है।



- वैशाली नगर की जनता से मेरा पारिवारिक रिश्ता : रिकेश

# गोलीकांड का आरोपी सालभर से था फरार, पता चला दूसरे मामले में जेल में बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आपसी रंजिश के कारण गोली चलाकर प्राणघातक हमला करने के एक मामले में पिछले करीब 1 साल से फरार आरोपी केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद मिला। वह एक अन्य मामले में निरुद्ध था। जानकारी के बाद पुलिस ने लीगल प्रक्रिया कर फरार चल रहे आरोपी रविशंकर पिता स्व नंदकुमार यादव उम्र 37 वर्ष निवासी विवेकानंद नगर जामुल को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2024 की है। हत्या की नीयत से आरोपियों ने पिस्तौल से ओम प्रकाश राय पिता राम प्रकाश राय उम्र 55 वर्ष निवासी लक्ष्मी नगर सुपेला पर गोली चलाई थी। मामले में पुलिस ने चंद्रभूषण सिंह, रोशन निषाद एवं रवि शंकर यादव को आरोपी बनाया था। चंद्रभूषण और रोशन पहले ही पकड़े जा चुके थे, लेकिन रविशंकर पुलिस रिकार्ड में फरार चल रहा था। आरोपियों के विरुद्ध सुपेला थाने में धारा 450, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज था। फरार आरोपियों की तलाश के दौरान पता चला कि वह किसी अन्य मामले में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध है। इसके बाद विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त किया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है। गौरतलब हो कि सुपेला थाना क्षेत्र अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था फेल साबित हो रही है।

- 25 अप्रैल 2024 की घटना में दो आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके

# बारिश से मिली राहत, कृषि कार्य गतिमान, किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे पिछले एक सप्ताह से बारिश नही होने के कारण खेतो के पानी सूखते जा रहे थे। लेकिन बुधवार को जिले मे दोपहर के बाद हुई बारिश ने किसानो को राहत की सास प्रदान की। जिससे पुनः मौसम सुहावना हो गया। लेकिन किसानो को पर्याप्त बारिश का इंतजार है। बुधवार को हुई बारिश ने राहत जरूर दी है।

10 दिन पूर्व जिलेवासियो को जोरदार बारिश देखने को मिली थी, जिससे खेत खार, नदी नाले सब लबालब हो गए थे, लेकिन पिछले एक सप्ताह मे हल्की फुल्की बारिश के बाद जिले मे बारिश थम गई थी जिसके कारण जिले मे गर्मी व उमस बढ़ते ही जा रही थी, जिसके कारण लोगो को बरसात के दिनो मे भी पंखे व कुलर, एएसी का सहारा लेना पड़ रहा था, लेकिन बुधवार को हुई बारिश ने किसानो के साथ आम जनता को थोड़ी राहत पहुंचाई है।

जिले मे खेती के शुरूवाती दिनो मे लगातार ज्यादा पानी गिरने के कारण किसानो द्वारा फसल छोटा होने व खेतो मे ज्यादा पानी की आवश्यकता नही होने को ध्यान मे रखते हुए बारिश के अधिकांश पानी को खेतो से बाहर कर दिया गया थाख्लेकिन अब फसल लगने के बाद फसल के थोड़ा बड़ा होने पर खेतो मे पानी की आवश्यकता बढ़ती जा रही है तथा अब खेतो मे धान के फसलो को ज्यादा पानी की आवश्यकता किसानो को महसूस होने लगी है, ऐसे मे बारिश नही होने के कारण जिले के एक फसली व बारिश पर आश्रित किसान बारिश के बाट जोहना प्रारंभ कर दिये थे, बुधवार को हुई बारिश ने किसानो को थोड़ी राहत पहुंचाई है।



## राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन स्पर्धा उद्घाटित

# महिला वर्ग में कबीरधाम ने रायपुर व पुरुष वर्ग में धमतरी ने बस्तर को हराया, 14 टीम ले रहीं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 6 अगस्त तक सेक्टर-4 स्थित बीएसपी बॉल बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद, बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष उप प्रबंधक रजी उन्नी, क्लब के सचिव डीवीएस रेड्डी, कोषाध्यक्ष श्यामल बनर्जी, महासचिव वाय राजा राव तथा नासिर खान भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए दृढ़ निश्चय और समर्पण आवश्यक है और लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने खेल के साथ शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित कर आगे बढते रहने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 18 और महिला वर्ग की 14 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबले खेले गये। महिला वर्ग में कबीरधाम ने रायपुर को 35-9 व 35-21 से पराजित किया। महासमुंद ने गरियाबंद को 35-18 और 35-21 से हराकर जीत दर्ज की। दुर्ग और गरियाबंद के बीच हुए मुकाबले में गरियाबंद ने 35-5 और 35-17 से जीत हासिल की, वहीं धमतरी ने बलौदा बाजार को 35-22 एवं 35-37 से हराया।पुरुष वर्ग में धमतरी और बस्तर के मध्य मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच धमतरी ने 31-35, 35-28 और 35-31 से मुकाबला जीत लिया। गरियाबंद कॉरपोरेशन और रायगढ़ के बीच हुए मुकाबले में गरियाबंद कॉरपोरेशन ने 35-37, 35-29 और 26-35 से विजय प्राप्त की। एनएमडीसी और गरियाबंद जिले के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में एनएमडीसी ने 37-35, 28-35 और 36-34 से जीत दर्ज की। महासमुंद ने बलौदा बाजार को 33-35, 35-12 और 35-25 से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति के आधार पर खेली जा रही है।



### ज्ञान से संगठन की प्रगति में योगदान



**भिलाई।** बीएसपी के भिलाई निवास में मंगलवार को सेल स्तरीय मैनेजमेंट और बिजनेस क्विज़ (एमबीक्यू) शुरु हुई । दो दिवसीय प्रतियोगिता बीएसपी के मानव संसाधन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग (एचआर एलएंडडी) द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के तीन प्रमुख वर्ग सक्षम, समर्थ और समृद्धि के अंतर्गत सेल की विभिन्न इकाइयों से 34 दो-सदस्यीय टीमें भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने प्रतियोगिता शुरु की। सीजीएम संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित अन्य वरिष्ठ उपस्थित थे।क्विज़ सत्रों का संचालन क्विज़ मास्टर्स पैनल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पूर्व हेड उमेश कामथ, पूर्व ईडी सेल एसपीएस जग्गी, तथा पूर्व जीएम बीएसपी जेकब कुरियन शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### नशे के लिए पैसा नहीं दिया चाकू से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत नया तालाब सिरसा खुर्द के पास नशे के लिए पैसा नहीं देने पर आरोपी प्रहलाद पिता रमेशर यादव उम्र 53 वर्ष ने चाकू से हमला कर दिया। कमल कुंभकार 30 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 4 अगस्त को रात करीब 9 बजे की है। कमल घटना स्थल पर खड़ा हुआ था। तभी सिरसाखुर्द का ही रहने वाला प्रहलाद यादव आया। प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की डिमांड की। कमल ने मना किया तो प्रहलाद यादव गाली गलौच शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस वजह से कमल के दाएं हाथ के पंजे एवं सिर के बाईं तरफ चोट आई। पुलिस ने धारा 296,119 (1),351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी से धारदार हथियार जब्त कर लिया गया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने पहुंची महिलाएं हुई चेन स्नेचिंग का शिकार

**भिलाई।** अंतराष्ट्रीय शिवमहापुराण कथावाचक प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम में महिलाओं का चेनस्नेचिंग होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मंगलवार अंतिम दिन के कथा के समय हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक जयंती स्टेडियम में आयोजित शिवमहापुराण कथा में प्रदेश भर से महिलाएं पुरुष कथा सुनने भक्तगण पहुंचे थे। कथा 30 जुलाई से 5 अगस्त से चलता रहा, अंतिम दिन कथा को सुनने भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी का फायदा हुए अज्ञात ने महिलाओं के गले से चेनस्नेचर कर फरार हो गए। घटना की शिकार तीन महिलाएं हुई है। जिसकी लिखित शिकायत भिलाई नगर थाने में की गई है। जिसमें तीन महिलाओं ने अपने मंगलसूत्र पार होने की जानकारी तो वहीं दो ने बाइक चोरी की शिकायत की है। पुलिस ने एक बाइक चोर को पकड़ लिया है। पीड़ित महिला बबली श्रीवास्तव के मुताबिक कथा सुनने वह सातों से आ रही है। आज जब कथा समाप्त हो रहा था तभी एक अज्ञात पीछे से मंगलसूत्र को खींचकर फरार हो गया। कथा में भीड़ इतनी थी कि महिला आरोपी की पीछा नहीं कर पाई। महिला का एक तोले का मंगलसूत्र पार हो गया। इसके अलावा मंजू पुरोहित के मुताबिक कथा स्थल से बाहर निकलते समय एक सफेद कपड़ों में महिला उनके पास आई और डेढ़ तोले का मंगल सूत्र पार कर दिया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटनाओं को लेकर पुलिस जांच कर रही है। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। कथा में भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी थी।

### शहर में दुकान चलाने के लिए ट्रेड लाइसेंस जरूरी नहीं तो होगी कार्रवाई

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दुकान संचालित करने के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। बावजूद लंबे समय से इसकी अनदेखी की जा रही है। अब निगम ऐसे दुकानदारों से सख्ती से निपटेगा, जो बिना लाइसेंस के दुकान का संचालन कर रहे हैं। ऐसे सारे लोगों का सर्वे होगा।

# कोरगुड़ा में शिक्षा की गुणवत्ता परखने पहुंचीं कलेक्टर, शिक्षकों और पालकों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम कोरगुड़ा में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला कोरगुड़ा में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक में शामिल होकर बैठक में उपस्थित पालको से चर्चा कर उन्हें बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के संबंध में निरंतर जानकारी लेने की समझाईश दी गई। मिश्रा ने शिक्षा के महत्व एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को वर्तमान समय के अनुरूप गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ पालकों की भी सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके पालकों, जनप्रतिनिधियों तथा समाज के प्रबुद्ध लोगों से समन्वित प्रयासों से बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं अनुकूल परिवेश प्रदान करने के पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने पहली, दूसरी एवं पांचवी कक्षा में पहुँचकर बच्चों से अध्ययन-अध्यापन के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने बच्चों से पाठ्यपुस्तक एवं नोटबुक का अवलोकन कर आवश्यक सवाल भी पूछा। इस दौरान कक्षा पहली के विद्यार्थियों के द्वारा शब्दों का सही-सही उच्चारण करने एवं जानकारी देने पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन बच्चों को टॉफी भी प्रदान किया।

## कलेक्टर ने स्कूल के रसोई कक्ष में पहुंचकर खाद्य पदार्थों का किया अवलोकन





### पालकों एवं शिक्षकों से आवश्यक चर्चा की

कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों से ग्राम पंचायत के सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों का विद्यालय के रचनात्मक कार्यों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से शाल परिसर में पौध रोपण कराने के साथ-साथ बच्चों को अपने जन्म दिवस एवं अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर न्योता भोज भी प्रदान करने को कहा। मिश्रा विद्यालय में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक में शामिल होकर पालकों एवं शिक्षकों से आवश्यक चर्चा की। उन्होंने सभी पालकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजना तथा उनके अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी रखने की अपील की।

**पहल :** पट्टे की मांग को कैबिनेट में रखने का दिया आश्वासन

# बालोद प्रवास में उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पंचायती मांगों पर फौरन दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





जिले के प्रभारी और राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बालोद जिले के प्रवास के दौरान बालोद से वापसी में रात करीब 8 बजे डौंडीलोहारा के राजभवन में आगमन हुआ। इस दौरान मौजूद भाजपाइयों ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके आगमन पर जमकर आतिशबाजी की गई।

राजभवन में नेताओं और कार्यकर्ताओं का मिलने का सिलसिला चलता रहा। पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, संदीप जैन, धर्मेंद्र निषाद, मोहन निषाद सहित अन्य नेताओं ने प्रभारी मंत्री का स्वागत सम्मान किया और संगठनात्मक चर्चा भी पृथक रूप से हुई। भाजपा के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से उपमुख्यमंत्री को अयोध्या में विराजे भगवान श्री राम की छवि चित्र भेंट स्वरूप दी। इस दौरान लोहारा नगर पंचायत क्षेत्र के एक वार्ड में चट्टानी इलाके में बसे हुए लोगों को पट्टा दिलाए जाने की मांग को लेकर भी बात उठी। जिस पर मंत्री ने आश्वस्त किया है कि इस मुद्दे को वे कैबिनेट की बैठक में रखेंगे और जरूर कुछ ना कुछ हल निकालेंगे।

मुलाकात के दौरान आसपास पंचायत के ग्रामवासी और सरपंच भी बड़ी संख्या मौजूद थे। जिन्होंने गांव और पंचायत से संबंधित अपनी समस्याएं रखी। पंचायत मंत्री होने के नाते श्री शर्मा ने उनकी कई मांगों पर तत्काल स्वीकृति भी दे दी। जिस पर ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए मंत्री का आभार जताया। वहीं प्रभारी मंत्री ने भाजपा मंडल डौंडीलोहारा अध्यक्ष कुसुम शर्मा की सक्रियता और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व पिछड़ा वर्ग अयोग सदस्य के देवेन्द्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, पूर्णिमा सिंह टेकाम, छाया देवी टेकाम, लाल कौशल सिंह टेकाम, मंडल महामंत्री दुष्यंत गिरी गोस्वामी, सोमेन देशमुख, उपाध्यक्ष संदीप जैन, मंत्री धर्मेन्द्र निषाद, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, जिला कार्यकारणी सदस्य गैदमल भंसाली, रवि जैन, इकबाल अरोरा, कौशलेश देवांगन सरपंच कापसी, सुरेश देवांगन,अरुण उपाध्याय, कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, लता गुप्ता, ममता यादव, रेवती कोलियारे, हेमंत देशलहरा, जसराज शर्मा, दिलीप बाफना आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने पेट्रोल पंप में काटे बगैर हेलमेट वाहन चालकों के चालान

**यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाया 500 रुपए का जुर्माना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए गुण्डरदेही पुलिस ने बुधवार को एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, थाना प्रभारी मनीष शेंड्रे और एसडीओपी बागड़े ने गुण्डरदेही स्थित पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल खरीदने आए लोगों का चालान काटा। पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कई बाइक सवारों को रोका, जो बिना हेलमेट के थे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर उनसे 500 रुपए का जुर्माना वसूला। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि सड़क सुरक्षा सर्वोपरि है और बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना न केवल खतरनाक है, बल्कि यह कानून का भी उल्लंघन है। थाना प्रभारी ने कहा हमारी प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि लोग हेलमेट पहनने की आदत डालें। हेलमेट पहनने से दुर्घटना की स्थिति में जान बचाने में मदद मिलती है।

एसडीओपी बागड़े ने भी लोगों से अपील की कि वाहन चालक अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहने और यातायात नियमों का पालन करें। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में जागरूकता बढ़ी है और भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की उम्मीद है। इस कार्यवाही पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी लोगों से अपील की है कि सभी व्यक्ति गाड़ी चलाते समय हेलमेट जरूर पहने अपनी जान को जोखिम में न डाले और यातायात के नियमों का पालन जरूर करें।

# 100 यूनिट बिजली खपत पर 50 प्रतिशत की मिलेगी रियायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिले के लगभग 81 हजार 755 जरूरतमंद सामान्य एवं कमजोर वर्ग के उपभोक्ता होंगे लाभान्वित



छत्तीसगढ़ सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने वाली हॉफ बिजली बिल योजना के अंतर्गत दी जाने वाली 400 यूनिट की मासिक छूट की सीमा में युक्तियुक्त संशोधन करते हुए अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत देने का निर्णय लिया है।

पुनरीक्षित हॉफ बिजली बिल योजना के तहत दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बालोद जिले में लगभग 81 हजार 755 जरूरतमंद सामान्य एवं कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पूर्ववत मिलता रहेगा। इनमें गरीबी रेखा से नीचे स्थित परिवार भी शामिल हैं, जिन्हें पूर्ववत 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी। इसके साथ ही वे हॉफ बिजली बिल योजना के तहत अन्य सभी लाभों से भी यथावत लाभान्वित रहेंगे।

**पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाये हितग्राही:** छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को भी तेजी से लागू कर रही है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1,08,000 रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। योजना के तहत 02 किलोवॉट प्लांट से प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है, जिस पर 90,000 रुपये तक कुल सब्सिडी (60,000 केंद्र एवं 30,000 राज्य) रुपये मिलती है। 03 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट उत्पादन संभव है, और इसमें 78,000 रुपये केंद्र एवं 30,000 रुपये राज्य कुल 1,08,000 रुपये की सहायता मिलती है। शेष राशि के लिये जो उपभोक्ता बैंक से ऋण लेना चाहते हैं, उनके लिये आकर्षक एवं न्यूनतम वार्षिक ब्याज दर 6.3 से 6.5 प्रतिशत एवं कम से कम दस्तावेज यथा बिजली बिल, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वेंडर कोटेशन एवं फीजिबिलिटी रिपोर्ट के साथ राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण भी उपलब्ध है।

ज्ञात हो कि दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के 911 परिवार सोलर पैनल लगाकर ना केवल मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे हैं, बल्कि बिजली के भारी-भरकम बिलों से भी राहत पा रहे हैं। वर्तमान में मार्केट में विभिन्न कंपनियों के डी.सी.आर. सोलर पैनल उपलब्ध है। जिनके 03 किलोवॉट तक के सिस्टम की कीमत 1.8 से 2.10 लाख तक है। इस प्रकार उपभोक्ता के 03 किलोवॉट के सोलर प्लांट पर रू. 1,08,000 रुपये की सब्सिडी घटाकर शेष राशि स्वयं वहन करना होता है। बाजार में सोलर प्लांट का बीमा भी कई बीमा कंपनियों द्वारा किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के 911 परिवार सोलर पैनल लगाकर ना केवल मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे हैं, बल्कि बिजली के भारी-भरकम बिलों से भी राहत पा रहे हैं। वर्तमान में मार्केट में विभिन्न कंपनियों के डी.सी.आर. सोलर पैनल उपलब्ध है। जिनके 03 किलोवॉट तक के सिस्टम की कीमत 1.8 से 2.10 लाख तक है। इस प्रकार उपभोक्ता के 03 किलोवॉट के सोलर प्लांट पर रू. 1,08,000 रुपये की सब्सिडी घटाकर शेष राशि स्वयं वहन करना होता है। बाजार में सोलर प्लांट का बीमा भी कई बीमा कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को पूर्णतः आनलाइन प्रकिया के तहत दिया जा रहा है। जिसके तहत उपभोक्ता स्वयं ऑनलाईन पोर्टल पर लॉग इन कर अथवा पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल के वेबसाइट, मोर बिजली ऐप एवं बिजली कंपनी की टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते है।

# मुख्यमंत्री साय की पहल से पूरा हुआ रामभक्तों का सपना, 77 श्रद्धालु अयोध्या रवाना हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम जाना अब सपना नही रहा, रामभक्तो को बरसों पूराना सपना को आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरा कर रहे हैं। बुधवार को जिले से 77 श्रद्धालुओ का दल आयोध्या धाम जाने के लिए निकला।

उल्लेखनीय है कि जिले के ग्राम झलमला स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय परिसर से जिले के 77 श्रद्धालुओं का दल बुधवार को श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा सुबह समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर से श्रद्धालुओं को बस के माध्यम से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। जहाँ से वे योजना के तहत संचालित रेल के माध्यम से अयोध्या हेतु प्रस्थान करेंगे। इससे पूर्व श्रद्धालुओं का फुलमाला और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत अयोध्या जा रहे बालोद के आमापारा निवासी पवन यादव ने कहा कि वे शासन की इस योजना से बहुत खुश हैं इसके माध्यम से अयोध्या जाकर भगवान श्री राम के दर्शन करने की बरसों पुरानी उसकी इच्छा पूरी होनी जा रही है। यादव अपने अयोध्या धाम की यात्र को लेकर बहुत ही उत्साहित नजर आ रहे थे। छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए ग्राम हीरापुर के श्रद्धालु गजेन्द्र कौशिक ने कहा कि यह उनके लिए बहुत सौभाग्य का विषय है कि वे आज इस योजना के माध्यम से अयोध्या जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके गांव से बड़ी संख्या में लोगों ने अयोध्या जाने हेतु आवेदन किया है, जिसमें उनका चयन अयोध्या जाने के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार उन्हें भगवान के घर का दर्शन करा रही है, जिससे वे बहुत खुश हैं।

इसी प्रकार ग्राम खरथुली से आए श्रद्धालु घनाराम साहू ने कहा कि शासन द्वारा इस योजना के तहत दिव्यांगों, बुजुर्गों असहाय लोगों को भी अयोध्या धाम दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है, इसके माध्यम से हमारा वर्षों पुराना सपना पुराना होने जा रहा है। इसके लिए हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने श्रद्धालुओं से भरी बसों को हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया।

**जिले की समस्त शालाओं में हुआ मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन**

# पालक-शिक्षक बैठक में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में जागरुकता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज:डोंडी



डोंडी 6 अगस्त 2025 दिन बुधवार को सत्र 2025- 26 के प्रथम त्रैमासिक मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन जिले के समस्त शासकीय विद्यालय में आयोजित किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक शाला कंजेली विकासखंड डौण्डी में भी मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक-बालक-पालक एवं गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें छात्रों के अकादमिक स्तर को ऊंचा उठने के लिए पालक एवं गांव के प्रबुद्ध जनों का सहयोग किस प्रकार से बच्चे को मिल पाए इस पर विस्तृत चर्चा की गई जैसे घर पर बच्चों को मेरा कोना निर्माण कर पढ़ने संबंधित सुविधाएं प्रदान करना, छात्र दिनचर्या को व्यवस्थित करने के लिए पालकों द्वारा सहयोग, बच्चों ने आज क्या सीखा प्रतिदिन इस पर बच्चों के साथ चर्चा, बच्चों को बेझिझक बात कर पाने एवं उत्तर दे पाने हेतु पालकों द्वारा तैयार करना, सामान्य ज्ञान आदि से संबंधित प्रश्न घर पर ही प्रतिदिन पूछना, बच्चों की अकादमिक प्रगति पर शिक्षकों के साथ बातचीत करना एवं कमजोर पक्ष में छात्रों की सहायता करना, स्वास्थ्य परीक्षण, न्योता भोज , जाति निवासी एवं आय प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनवाना, बस्ता रहित शनिवार पर बच्चों को विभिन्न कलाओं को सिखाना, शासन की योजनाओं से अवगत कराना, पोक्सो एक्ट की जानकारी एवं विभिन्न डिजिटल शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी पर चर्चा की गई।

### बच्चों को तकनीक के साथ संस्कार भी सिखाएं पालक

उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद पंचायत डौण्डी के उपाध्यक्ष श्रीमान भोलाराम नेताम जी भी उपस्थित रहे उन्होंने कहा की पालक घर पर बच्चों को समय दे और पढ़ाई पूर्ण करके विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए बच्चों को प्रेरित करें साथ ही बच्चों को व्यवहारिक संस्कार जरूर प्रदान करें जिससे शिक्षा प्राप्त करने का मूल उद्देश्य प्राप्त हो सके। आज के समय में तकनीकी ज्ञान तो बढ़ी है, लेकिन संस्कारीक ज्ञान घट गए हैं। इसलिए घर पर ही पालकों को व्यवहारिक ज्ञान संस्कार के रूप में बच्चों में डालने हेतु प्रयास करना होगा। बच्चे तकनीक का उपयोग करें लेकिन बड़ो के समक्ष व्यवहारिक ज्ञान न भूलें। सिंघोला ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा मेगा बैठक के आयोजन पर न्योता भोज प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत सिंघोला के सरपंच श्रीमती कौशल्या ठाकुर जी के द्वारा ग्राम पंचायत के सभी आश्रित ग्रामों में आज के इस आयोजन के उपलक्ष पर न्योता भोज प्रदान किया गया। जिसमें आयोजन में उपस्थित सभी जनों को खीर पूड़ी खिलाया गया। उक्त आयोजन का उद्देश्य पालक को शिक्षा से जोड़ने एवं छात्र हित में सहयोग करने हेतु प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, पूर्व जनपद सदस्य गंगाराम ठाकुर, ग्राम पंचायत सिंघोला सरपंच कौशल्या ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष निलय हिड़को, उपाध्यक्ष आरती दुग्गा,एसएमसी सदस्य, पालकगण, शिक्षकती ममता सोनेश्वर, राजेश कुमार प्रजापति, रूपा आंचला अशो ठाकुर, रीना ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**



## राखी स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में 'हस्तनिर्मित राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र–छात्रओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, पारंपरिक कला के प्रति सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण दृष्टिकोण को बढ़ावा देना रहा। छात्र–छात्रओं ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए आकर्षक एवं संदेश पूर्ण राखियां बनाई। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन पर विशेष प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता के अंतर्गत एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस एवं प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभागियों की कला की सराहना करते हुए कई राखियां खरीदी और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साधना बी.एससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर मनीषा साहू बी.कॉम. तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर खुशी महोबिया बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर रहे।

## कोरगुड़ा के आंबा केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचीं कलेक्टर



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कोरगुड़ा में पहुंचकर आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें–मुन्हें बच्चों बातचीत कर उनकी पढ़ाई–लिखाई एवं अन्य गतिविधियों के साथ–साथ आंगनबाड़ी केन्द्र में उन्हें मिलने वाली भोजन, नाश्ता एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने बच्चों को प्यार, दुलार देकर उन्हें टॉफी भी प्रदान की। कलेक्टर मिश्रा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्र कोरगुड़ा में कुपोषित बच्चों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पंजी से मिलान कर कुपोषित बच्चों की संख्या, बच्चों की वजन आदि का भौतिक सत्यापन किया। इस मौके पर बच्चों की ऊंचाई का मापन भी कराया। आंगनबाड़ी केन्द्र के रसोई कक्ष में पहुंचकर बच्चों के लिए बन रहे गर्म भोजन एवं रेडी टू इट का भी अवलोकन किया।

### दिशा-निर्देश : मेगा पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों की गतिविधियों पर अमल करने हुई चर्चा

# छात्रों का सर्वांगीण विकास पालक-शिक्षक के समन्वय से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में संयुक्त रुप से इस सत्र का प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लीलाधर भूआर्य व प्राथमिक शाला के अध्यक्ष चंचल साहू, प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र व राजेश यादव उपस्थित थे। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी पालकों को संबोधित करते हुए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने पालकों को शाला एवं शिक्षकों से जुड़े रहने को कहा एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों को पढ़ाए गए विषयों एवं अन्य गतिविधियों के बारे में बच्चों से जानकारी लेने के लिए प्रेरित किया गया।साथ ही पालकों व शिक्षकों को बच्चों के पढाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र ने पालकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए चार पहिया का मजबूत होना जरूरी बताया है जिसमें पालक, बालक शिक्षक व सरकारी अमला। इनमें से एक भी पहिया यदि कमजोर हो तो किसी भी बच्चे का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा शासन के एजेंडे के अनुसार निर्धारित 12 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू ने सभी बच्चों को आई डी कार्ड का वितरण किया। बैठक में लगभग 30 पालकों व 63 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर शाला परिवार द्वारा न्योता भोज दिया गया, जिसमें केला, तथा भजिया शामिल था। कार्यक्रम का सफल संचालन संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू व शिक्षक नीलकंठ धनकर का योगदान रहा।





## बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का हुआ आकलन



**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवरीबंगला में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुख प्रयास करने पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य ने बताया कि पालकों को घर का वातावरण, छात्र की दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार की गतिविधि, जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की जानकारी, पोक्सो एक्ट, डिजिटल प्लेटफार्म जैसे दीक्षा एप, ई जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी, शाला भवन की स्तिथि पर चर्चा कि गई। पालको ने शाला भवन के आभाव मे बच्चों कि पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए शासन से विधालय का नवीन भवन की मांग की। पालको ने शिक्षको की कमी पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में शिक्षक पालक समिति के अध्यक्ष राजेंद्र देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंन्हा, केशव शर्मा, विजय धरमगुडे, नीरज पटेल, विजय सिन्हा, हर्षिता साहू, परवीन बानो, झमित रानाडे, दामिनी साहू, डाली मानिकपुरी, हेमीन साहू, माधुरी सांडिल सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

## मेगा पालक शिक्षक बैठक न्योता भोज का आयोजन



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में बुधवार मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में स्कूल के शिक्षकों और पालकों के बीच समन्वय स्थापित करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। बैठक में शाला परिवार द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में सभी को खीर पूरी खिलायी गई। मेगा पालक शिक्षक बैठक में सरपंच रेणु गायकवाड, उपसरपंच टामेश साहू, प्रधान पाठक वीणा ठाकुर गंगाराम निषाद, वीरेंद्र निरोटी, तोमन सिंग लाटिया, अभयराम साहू, मनीषा ठाकुर, शिक्षिका सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर, श्री राबिन नागवंशी आदि जनप्रतिनिधियों एवं पालक शिक्षकगण उपस्थित थे।

## शाला विकास समिति व शिक्षकों की हुई संयुक्त बैठक

**बालोद/सिकोसा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटगांव के शाला विकास समिति पालक व टीचरों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। विधायक कुंवर सिंह निषाद, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवीन यादव, एसएमडीसी अध्यक्ष देवेंद्र साहू सरपंच देवेश्वरी साहू, प्राचार्य वर्मा, संतु राम पटेल, पूर्णाबेलचंदन, बीआर देशमुख, यादराम साहू, रमेश देवदास एवं समस्त पालक शिक्षकों के उपस्थिति में बैठक हुई। इसमें बच्चों के अध्ययन के बारे में, अनुशासन, टीचरों के बारे में चर्चा, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटगांव में संस्कृत जैसे विषयों का टीचर ना होने पर एसएमडीसी अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने विधायक व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से टीचर के लिए मांग की, ताकि बच्चों का अध्ययन सुचारू रूप से संस्कृत जैसे विषयों का हो सके।

## मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक गतिविधियों पर दिया जोर



**बालोद।** प्राथमिक शाला भैंसबोड़ में पालक एवं शिक्षकों की मेगा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पालकों, शिक्षकों तथा शिक्षाविद एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। पालकों के साथ बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं शैक्षणिक विकास के संबंध में चर्चा की गई। समय–समय पर शाला में होने वाले विभिन्न गतिविधियों की जानकारी पालकों को दी गई। इस अवसर पर सरपंच चित्रकांत ठाकुर द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था प्रमुख एसआर बंजारे, शिक्षक एस.आर निषाद, एसके. चौरके, बी.खरे, के.कुंजाम, ग्राम सरपंच चित्रकांत ठाकुर, भूषण देवांगन, तुलुराम कोसमा, खेमलता देवांगन, पूजा मंडावी, मंजूलता, संजय कोसमा व ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने में आगे आए पालकगण



**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक शाला कसही लो में पालक -बालक और शिक्षक बैठक रखी गई। इसमें प्रधान पाठक शैलेन्द्र कुमारी साहू ने बताया कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के बारे में जानकारी दी और आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। सभा में महावीर कलिहारी ने कहा कि बच्चों को प्रति दिन स्कूल भेजना और साफ सफाई से रखना माता-पिता की जिम्मेदारी है। बैठक में उपस्थित डॉ. धर्मेंद्र साहू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है और उनके स्वस्थ्य पर विशेष ध्यान रखना जरूरी है। यशवंत साहू ने कहा कि घर पर बच्चों को पालक द्वारा पढ़ाई के लिए प्रेरित करना चाहिए। बैठक में उपसरपंच नरेंद्र साहू, घनश्याम कुंजाम, पंच यशवंत साहू, रोहित चंदनमलागर, उत्तम साहू, डोमन सोरी, सेवा निर्वित शिक्षक आत्मा राम खरे, सालिक राम, सुकवारो बाई, शांति बाई, केवरा बाई, सुखदी कोमरे, शीतल कुलदीप मेडम, लक्ष्मी साहू आदि उपस्थित थे।

## हायर सेकंडरी में पालक-शिक्षक मेगा बैठक जारी

**अंडा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में मेगा पालक शिक्षक बैठक आयोजित की जा रही है। इसके लिए अभिभावकों को अलग से आमंत्रण पत्र जारी कर बैठक में मौजूद रहने की अपील की है। प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत ने नवनिहाल निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, छात्रवृत्ति और मध्यान्ह भोजन जैसी अन्य सुविधाओं का लाभ लेते हुए शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति एवं भविष्य की संभावनाओं को तराशने में पालकों का सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक, शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास और एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी के प्रति सकारात्मक वातावरण और तनावमुक्त परीक्षा देने के लिए अभिभावकों से संवाद को जरूरी बताया है।

सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार ने कहा जिन्होंने नियत तिथि और समय पर उपस्थित रह कर बैठक की सफलता में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए एवं पालकों को समझाया की बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा शिक्षक और माता पिता पर निर्भर करता है। यह बैठक दोपहर 11 बजे शुरु हुई, जिसमें बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों और पालकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की जा रही है। रितिका देवांगन ने विनायकपुर के बारे में और डिम्पल पटेल ने आमटी के बारे में बताया गया। अमरीका ढीमर ने सुंदर कविता के माध्यम से पीटीएम के बारे में बताया गया। बैठक में टीकेंद्र चंद्राकर द्वारा 12 मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। इन मुद्दों में मेरा कोना, छात्रदिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धिता, बस्तारहित शनिवार, बच्चों के आयु-कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, छात्रवृत्ति , अपार कार्ड, आधार कार्ड पर चर्चा एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए शिक्षा हेतु पालकों एवं छात्रों को अवगत कराना शामिल है। संकुल समन्वयक उषा सिन्हा ने भी बच्चों की पढ़ाई लिखाई व उनके पढ़ाई के माहौल को शांत रखने के लिए पालकों को कहा। कार्यक्रम में शाला से नरेश गायकवाड़, प्रेमलता योगी एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष मोतीलाल मार्कण्डेय, स्मृति सोनी, भामिनी महार, उपसरपंच शशि ठाकुर, त्रेता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, गोदावरी देवांगन, ललित बाई साहू, मंजुलता धनकर, जगन्नाथ देवांगन, प्रीतिमाला देवांगन, उपेन्द देशमुख, रमेश गजपाल, नीलेश साहू, यशवंत साहू, ग्राम विनायकपुर व आमटी के समस्त पालकगण उपस्थित थे।



## शहर और ग्रामीण क्षेत्र में आकार लेने लगीं श्री गणेश की प्रतिमाएं

**दल्लीराजहरा।** शहर में गणेश चतुर्थी पर्व के लिए तैयारी शुरू हो गई है। गणेश प्रतिमाओं का निर्माण मूर्तिकारों ने शुरू कर दिया है। मूर्ति बनाने में काली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। यहां विभिन्न आकार और डिज़ाइन में छोटी-बड़ी आकर्षक मूर्तियां तैयार की जा रही है। समिति स्तर पर भी गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। दल्लीराजहरा शहर की कई सामाजिक और सांस्कृतिक समितियों ने गणेश प्रतिमाओं के लिए एडवांस ऑर्डर देना शुरू कर दिया है। छोटी झांकियों से लेकर भव्य पंडालों तक के लिए मूर्तियों की मांग लगातार बढ़ रही है। कारीगरों का कहना है कि इस बार गणेश चतुर्थी को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। वे हर दिन दर्जनों प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं और फिर भी मांग पूरी कर पाना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।



## वेटलिफ्टिंग में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**बालोद।** जिला स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता बालोद में संपन्न हुई। इसमें गुरूर, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही और बालोद की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों का चयन दल्लीराजहरा में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस मौके पर बालोद थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा, जिला वेटलिफ्टिंग सचिव नरेंद्र कुमार साहू, चंदारानी साहू, अनीता शिंदे और अन्य विकासखंडों से आए व्यायाम शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। सभी ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया।



## शिक्षकों की कमी को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**बालोद/डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल देवरी बंगला में शिक्षको की कमी को लेकर पालक समिति ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा है। अध्यक्ष ने बताया कि स्कूल में संस्कृत विषय के शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय की दर्ज संख्या 320 है। समिति के गजेंद्र सिंन्हा ने कहा कि स्कूल भवन पर्याप्त नहीं है। विषय अनुसार कक्षाएं लगाना संभव नहीं है। सागर देवांगन ने बताया कि शिक्षा विभाग के डीईओ, कलेक्टर, एसडीएम को विद्यालय की समस्याओं से कई बार अवगत कराया गया है। इसके बावजूद समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यही स्थिति रही तो हमें मजबूर होकर उग्र कदम उठाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 18 अगस्त को विद्यालय के छात्र छात्रओं के साथ पालक चक्का जाम करेंगे। ज्ञापन देने वालों में केशव शर्मा, बोली मानिकपुरी, दमित रानाडे, विजय धरमगुडे,ईशु यादव, नरेश हिरवानी, कुलेश्वर साहू, प्रवीण तिवारी घनश्याम साहू उपस्थित थे।



### अवैध अतिक्रमण पर भी अपनाया कड़ा रूख

# नपा की टीम ने मवेशियों को पकड़कर कांजीहाउस भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दो दिन पूर्व नगर में हो रहे अवैध अतिक्रमण और आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर प्रकाशित हरिभूमि की खबर का असर दिखाई देने लगा है। खबर के प्रकाशित होते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त टीम गठित कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

बुधवार को नगर पालिका, राजस्व, पुलिस और व्यापारी संघ की संयुक्त टीम ने नगर के मुख्य मार्गों और भीतरी रास्तों पर अवैध अतिक्रमण और आवारा मवेशियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे मवेशियों को काऊ कैचर से पकड़ा गया और कांजी हाउस भेजा गया। मवेशियों को खुले में छोड़ने वाले पशुपालकों को चेतावनी दी गई कि यदि आगे से ऐसा करते पाए गए तो भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 291 और पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11(1) के तहत कार्रवाई की जाएगी।



अभियान के दौरान मुख्य मार्गों व गलियों में अतिक्रमण कर सामग्री रखने वाले दुकानदारों से लगभग 11,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। ट्रैफिक पुलिस ने 15 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 4,500 रुपये की वसूली की। वहीं दुकानदारों को लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य सुबह 10 बजे तक सीमित करने के निर्देश दिए गए। गुप्ता चौक से जैन भवन चौक तक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को

इस कार्रवाई में अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व डौंडी सुरेश साहू, सीएसपी चित्र वर्मा, टीआई रविशंकर पांडे, नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वार्डेकर, तोरण साहू, व्यापारी संघ सहित राजस्व, नगर पालिका, पुलिस, यातायात विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ग्रेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411